तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 सम्मेलन में व्यक्ति, परिवार व समाज ...



12 भिक्षा मांगने से ब्राह्मण का ब्राह्मणत्व नष्ट होता है...









## खबर संक्षेप

### हॉस्पिटल के सामने से मोटर साइकिल चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भोथलडीह में अपनी बच्ची का इलाज करने गए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी हरेकृष्ण साहू निवासी कसडोल ने बताया कि 2 नवंबर को शाम 04 बजे के आसपास अपनी बच्ची का इलाज कराने भोथलडीह के लक्ष्मण साहू के हॉस्पिटल आया था। इलाज कराकर शाम करीब 6 बजे वापस निकलने पर देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** रायतुम-तुरेंगा रोड के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले को लेकर पटेवा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मोटर सायकल हीरो होंडा एसएस क्रमांक सीजी 06 ए 2928 से दिनेश कुमार यादव एवं स्वराज यादव ग्राम गजराडीह से ग्राम डोंगरीपाली आ रहे थे। सुबह करीब 5 बजे रायतुम-तुरेंगा रोड ग्राम तुरेंगा के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 7780 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में दिनेश कुमार यादव के बांये हाथ, बांये पैर, चेहरे एवं स्वराज यादव के बांये पैर, चेहरे में चोट आई है। घायलों को सरकारी अस्पताल पिथौरा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**जायजा:** शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने और ताला खुला रखने के दिए निर्देश

# बच्चों के हाजिर जवाब से संतुष्ट हुए शिक्षा सचिव, समझ को भी सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- शिक्षा सचिव परदेशी बोले: शिक्षण सामग्री अलमारी या बॉक्स में बंद में न रखें, इसे बच्चों को कराए उपलब्ध

स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं जेडी राकेश पांडे द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कई स्कूलों में शैक्षिक गतिविधियों, सुविधाओं और बच्चों की शैक्षिक प्रगति का जायजा लिया। जिन विद्यालयों का निरीक्षण किया गया उनमें हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा, प्राथमिक शाला ओंकारबंद, प्राथमिक शाला पीएमश्री स्कूल खोपड़ी, मिडिल स्कूल खोपड़ी, हाईस्कूल खोपड़ी, मिडिल स्कूल कसेकेरा, हाई स्कूल कसेकेरा, मिडिल स्कूल कुलिया और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान शिक्षा सचिव परदेशी ने बच्चों से उनकी अब तक की पढ़ाई के बारे में चर्चा की और विज्ञान, भूगोल एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों से भारत के महान वैज्ञानिकों, इंद्रधनुष के रंगों की संख्या, छत्तीसगढ़ के जिलों के नाम और पड़ोसी राज्यों के बारे में सवाल किए गए। छोटे बच्चों से रंगों और फलों से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए, जिनमें अधिकांश बच्चों ने सही उत्तर दिए। बच्चों के हाजिर जवाब से शिक्षा सचिव प्रसन्न हुए और उनकी समझ को सराहा। इस अवसर पर आलोक चांडक जेडी कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, सहायक संचालक सतीश नायर, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा केके वर्मा, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा और एबीईओ रामता मन्नाडे भी उपस्थित थे।



### शौचालय में मिली तालाबंदी, सुविधाओं में रोकटोक पर जताई आपत्ति

निरीक्षण के दौरान परदेशी ने विद्यालयों के शौचालय में तालाबंदी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और प्रधानपाठक एवं प्राचार्य को निर्देशित किया कि स्कूल की सुविधाओं का सभी बच्चों को अधिकतम लाभ मिले। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त सामग्री अलमारी या बॉक्स में बंद नहीं होनी चाहिए, इसे बच्चों के उपयोग के लिए आसानी से उपलब्ध रखा जाए। उन्होंने शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने और स्कूल समय में शौचालय का ताला खुला रखने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर की सफाई, मुस्कान पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग, प्रयोगशाला में बच्चों का प्रयोग करना, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, शिक्षक डायरी का संधारण, और शासन के दिशा-निर्देशों का समयानुसार पालन करने पर भी जोर दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में बच्चों ने रक्षाबंधन पर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हुई भेंट को अपने जीवन का यादगार पल बताया। इस पर सचिव ने कहा कि आज की बालिकाएं और महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, वे सुई से लेकर हवाई जहाज तक उड़ा रही हैं। यह समाज में महिला सशक्तिकरण का एक शानदार उदाहरण है।

### कसेकेरा मिडिल व हाईस्कूल का शिक्षा सचिव ने किया अवलोकन

शासकीय उच्च प्राथमिक एवं हाई स्कूल कसेकेरा का आकस्मिक अवलोकन करते हुए शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कक्षा 9 वी के छात्रों को विज्ञान विषय पर चर्चा की। भविष्य की योजनाओं के बारे में बच्चो से पूछा। साथ ही वितरित सरस्वती सायकल का अवलोकन कर गुणवत्ता की जांचकर बालिकाओं से पाठ्य पुस्तक एवं पढ़ाई की एवं प्रभारी प्राचार्य पवन चक्रधारी से जानकारी ली। प्रधान पाठक विजय शर्मा ने विद्यालय की गतिविधियों के बारे में, पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने पुस्तकालय का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कक्षा 6 वीं, 7वीं के विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी विज्ञान के संबंध में पूछा, जिनका बच्चों ने उत्तर दिया। मध्याह्न भोजन में न्योता भोज में पनीर, मीठा, सलाद खाने में दिया गया। पुस्तक को पढ़वा कर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने आईसीटीरूम का अवलोकन कर एंड्रॉयड टीवी का शिक्षण में कैसे प्रयोग होता है, इसके बारे में प्रधान पाठक ने जानकारी दी। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं अपार के दस्तावेजों का अवलोकन किया। प्रकृति के बीच लर्निंग स्टेशन में बच्चे कैसे अध्ययन करते है इसके बारे में बताया गया, उन्होंने विद्यालय प्रबंधन शिक्षण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी कि जब मैं दुबारा आऊ तो इन बच्चो का फोटो विद्यालय लगे, सभी शिक्षकों को अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।



**सेनभांठा में पेयजल संकट**

## महिलाओं ने बर्तन लेकर सड़क पर किया जमकर विरोध-प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जिले के बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी के आश्रित ग्राम सेनभांठा के ग्रामीणों को बीते कुछ दिनों से पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गांव में पेयजल संकट से गुस्साएं महिलाओं ने गुंडी, बाल्टी, टिन, गंज आदि बर्तन लेकर सड़क पर उतर कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीण महिला में सावित्री बाई, फूलेशवरी साहू, सेवती बाई, गुंजा यादव, सुख कुमारी, किरण रूपोबाई, मानकी बाई, सोनकुंवर आदि ने बताया कि सरकार की ओर से करोड़ों रुपए खर्च कर जल ही जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण के साथ ही पाइपलाइन का विस्तारीकरण किया गया है। बोर खनन होने के बाद सबमर्सिबल मोटर भी डाला गया था। परंतु, ठेकेदार की लापरवाही व विभाग की उदासीनता के कारण आजपर्यंत तक मोटर के लिए विद्युत कनेक्शन ही नहीं लिया गया है।

दूसरे के निजी कनेक्शन लेकर पानी की सफ्लाई कुछ दिन तक चला। अब बंद पड़े होने से पानी टंकी शो पीस बनकर रह गया है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि अभी वर्तमान धान की कटाई चल रही है। खाना बनाने व पीने का पानी के लिए एक किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है जिसके चलते खेत जाने में हो विलंब होता है। लगभग 250 से 300 सौ आबादी वाले गांव में ढंग से हैंडपंप की सुविधा नहीं है। ग्रामीणों को पीने का पानी के लिए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### नशीली दवाई रखने के मामले में दो आरोपियों को 5-5 साल कैद की सजा

**महासमुंद।** बिना वैध अनुज्ञप्ति के अधिक मात्रा में नशीली दवाई रखने के आरोप में दो व्यक्तियों को एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास और 30-30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही अदा किए जाने की दशा में 1-1 वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास की भी सजा सुनाई गई है। अभियोजन के अनुसार महासमुंद के सहायक उपनिरीक्षक को 25 फरवरी 24 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन की तरफ से प्रतिबंधित नशीली दवाई बिक्री के लिए लेकर आ रहे है। सूचना पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया, जिन्होंने अपना नाम प्रवीण साव उर्फ फोड़े तथा मनोज डांडेकर बताया। पुलिस ने उनके कब्जे में रखे 5 हजार 736 नग नशीली कैप्सूल को बरामद कर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस जितेंद्र कुमार साहू ने पैरवी की। न्यायालय ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि समाज में युवा वर्ग का छोटे बालकों के मनः स्थिति नशे के गिरफ्त में लिया जा रहा है। जिसे यह भी ज्ञान नहीं है कि इसका उनके जीवन पर क्या प्रभाव होगा। ऐसे में नशे के इन कारोबारियों पर उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता।

**एकादशी तिथि को योगनिद्रा से जागते हैं भगवान विष्णु**

# देवउठनी एकादशी आज, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

देवउठनी एकादशी 12 नवंबर, 2024 मंगलवार को मनाया जाएगा। एकादशी के दिन भगवान विष्णु की उपासना की जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, देवउठनी एकादशी का व्रत कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को होता है।

मान्यता के अनुसार, भगवान विष्णु आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी से योगनिद्रा में चले जाते हैं और 4 महीने बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को योगनिद्रा से जागते हैं, इसलिए इसे देव उठनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन यानी देवउठनी एकादशी से सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। देवउठनी एकादशी के बाद साल 2024 व 2025 में शादी के कई शुभ मुहूर्त होंगे।

**नवंबर 2024 से जून 2025 तक विवाह मुहूर्त की तारीख:** 12 नवंबर (मंगलवार) सबसे शुभ रहेगा, क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागेंगे। इसके बाद के मुहूर्त में 13 नवंबर (बुधवार), 15 नवंबर (मंगलवार) कार्तिक पूर्णिमा, 16 नवंबर (शनिवार) रोहिणी नक्षत्र संयोग, 17 नवंबर (रविवार), 18 नवंबर (सोमवार) मृगशिरा नक्षत्र का संयोग, 22 नवंबर (शुक्रवार) को मघा नक्षत्र का संयोग, 25 नवंबर (सोमवार) को एकादशी, 28 नवंबर (बृहस्पतिवार) को स्वाती नक्षत्र का संयोग, 4 दिसंबर (बुधवार) के दिन उत्तराषाढा नक्षत्र और चतुर्थी तिथि पड़ रही है ऐसे में ये दिन शुभ है। 5 दिसंबर (गुरुवार) के दिन उत्तराषाढा नक्षत्र और पंचमी तिथि का संयोग बनेगा, 9 दिसंबर (सोमवार) के दिन उत्तर भाद्रपद नक्षत्र और नवमी तिथि रहेगी। 10 दिसंबर (मंगलवार) के दिन रेवती नक्षत्र और एकादशी तिथि होगी। 14 दिसंबर (शनिवार) को पूर्णिमा तिथि होगी ।



वहीं अगले साल 16 जनवरी 2025 (गुरुवार), 17 जनवरी (शुक्रवार), 18 जनवरी (शनिवार), 19 जनवरी (रविवार), 20 जनवरी (सोमवार), 21 जनवरी (मंगलवार), 23 जनवरी (गुरुवार), 24 जनवरी (शुक्रवार), 26 जनवरी (रविवार), 27 जनवरी (सोमवार), 2 फरवरी (रविवार), 3 फरवरी ( सोमवार), 6 फरवरी ( गुरुवार), 7 फरवरी (शुक्रवार), 12 फरवरी (बुधवार), 13 फरवरी (गुरुवार), 14 फरवरी (शुक्रवार), 15 फरवरी (शनिवार), 16 फरवरी (रविवार), 18 फरवरी (मंगलवार), 19 फरवरी (बुधवार), 21 फरवरी (शुक्रवार), 23 फरवरी (रविवार), 25 फरवरी (मंगलवार), 1 मार्च (शनिवार), 2 मार्च (रविवार), 6 मार्च (गुरुवार), 7 मार्च (शुक्रवार), 12 मार्च (बुधवार), 14 अप्रैल (सोमवार), 16 अप्रैल (बुधवार), 18 अप्रैल (शुक्रवार), 19 अप्रैल (शनिवार), 20 अप्रैल (रविवार), 21 अप्रैल (सोमवार), 25 अप्रैल (शुक्रवार), 29 अप्रैल (मंगलवार), 30 अप्रैल (बुधवार), 1 मई (गुरुवार), 5 मई (सोमवार), 6 मई (मंगलवार), 8 मई (गुरुवार), 10 मई (शनिवार), 14 मई (बुधवार), 15 मई (गुरुवार), 16 मई (शुक्रवार), 17 मई (शनिवार), 18 मई (रविवार), 22 मई (गुरुवार), 23 मई (शुक्रवार), 24 मई (शनिवार), 27 मई (मंगलवार), 28 मई (बुधवार), 2 जून (सोमवार), 4 जून (बुधवार), 5 जून (गुरुवार), 7 जून (शनिवार), 8 जून (रविवार) तक वैवाहिक आयोजन होंगे। इसके चलते लोग अभी से तैयारी में जुट गए हैं।

**प्रकाश पर्व...**



**महासमुंद।** गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व आगामी 15 नवंबर को मनाया जाएगा। इसके पूर्व 1 नवंबर से ही लगातार आयोजन हो रहे हैं और सुबह सिख समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है। वहीं 14 नवंबर को नगर कीर्तन (शोभायात्रा) निकलेगी। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा को विशेष तौर पर सुसज्जित किया गया है।

### देवउठनी पर आज स्थानीय अवकाश घोषित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) के अवसर पर मंगलवार 12 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे।



**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# छात्रों के उपद्रव से परेशान रविवि, अब बढ़ाई जाएगी सुरक्षाकर्मियों की संख्या, उग्र हो रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपने सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए बीते दिनों हुई बैठक में प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है। इसके बाद अब नए गार्ड की नियुक्ति की आएगी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन छात्र नेताओं के उपद्रव से हलाकान हो गया है। ना सिर्फ छात्र नेता बल्कि अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचने वाले सामान्य विद्यार्थियों से भी रविवि परेशान है। छोटी-छोटी बात पर तनातनी और विवाद की स्थिति विवि परिसर में प्रतिदिन निर्मित हो रही है। कई बार बात हाथा-पाई तक पहुंच जाती है। सर्वाधिक खराब स्थिति विवि के प्रशासनिक भवन में है, जहां कई तरह के काउंटर बने हुए हैं। इन काउंटर में छात्रों की अंकसूची सुधार सहित कई अन्य कार्य किए जाते हैं।

## बीते माह गार्ड द्वारा छात्र को थप्पड़ मारने पर हुआ था हंगामा

■ सामान्य समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचने वाले छात्रों संग भी विवाद की स्थिति




### कार्यक्रमों में भी होगी अतिरिक्त सुरक्षा

प्रथम पाली में 5, द्वितीय पाली में 7 तथा तृतीय पाली में 4 नए गार्ड की नियुक्ति होगी। इसके लिए कार्यपरिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि विवि के विभिन्न भवनों तथा कार्यक्रमों में सुरक्षा कर्मी प्रदान करने के लिए ये वृद्धि की गई है। सूत्रों के अनुसार, विवि में होने वाले कार्यक्रमों में भी अब अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाएगी। सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति विश्वविद्यालयीन स्तर पर नियमानुसार की जाएगी।

### सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार पर भी बवाल, प्रदर्शन

रविवि में बीते दिनों सुरक्षाकर्मी द्वारा छात्र को थप्पड़ मारे जाने की घटना भी खबरों में रही थी। यहां परीक्षा संबंधित कार्य की जानकारी प्राप्त करने आए छात्र को गार्ड द्वारा थप्पड़ जड़ दिया गया था। इसके पश्चात छात्रनेताओं ने जमकर प्रदर्शन किया था। तत्पश्चात गार्ड की सेवाएं प्रशासनिक भवन में समाप्त की गई थीं। इसी तरह से कुलपति की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल संग एक गार्ड द्वारा मारपीट भी रविवि में बीते दिनों की गई। यहां की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार को लेकर बीते कई माह से सवाल उठते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम धनसुली में दो लोगों के कब्जे से शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक में दो व्यक्ति शराब रखकर बिक्री करने के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घोईनाबाहरापारा चौक धनसुली पहुंचकर आरोपी दशरथ जगत पिता गणेशराम जगत (37 साल) निवासी धनसुली व रेखू धीवर पिता सेवकराम धीवर (35 साल) निवासी धनसुली के कब्जे से 30 पाउच में हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब भरी हुई कुल 15000 एमएल कीमत 3000 रुपए और बाइक कीमत 25,000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह पिथौरा पुलिस ने आरोपी नरेश भारद्वाज पिता नानदाऊ (38 साल) निवासी अमलीडीह के कब्जे से 02 लीटर महुआ शराब कीमत 200 रुपए जब्ती की कार्रवाई कर धारा 34(1)(ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।



### गड़रिया समाज ने सीएम साय से की मुलाकात

**रायपुर।** गड़रिया समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजधानी में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन की जानकारी दी। साथ ही उन्हें मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम 1 दिसंबर को महादेवघाट के देशहा गड़रिया सामाजिक भवन में होगा। मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, अजय हंसा, अभिमन्यु धनगर, चंद्रपाल धनगर, मिलन धनगर, आशीष धनगर, गोविंद धनगर मौजूद रहे।

### दीपावली मिलन में व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन की मांग



**रायपुर।** अवंति विहार व्यापारी संघ द्वारा रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देकर मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है, ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि देश के अनेक राज्यों में राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भी व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, किशोरचंद्र नायक, राम सचदेव, इंदरपाल सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे।

### 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी और अधिवक्ता उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार ने दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की निर्धारित मतदान तिथि 13 नवंबर को रायपुर जिले के समस्त शासकीय विभागों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है।

## मंदिर की गलियों तक सीमित हुआ पुन्नी मेला, जगह नहीं होने से सड़कों पर सजेंगी दुकानें

# महादेवघाट में सिमट गई मेले की जमीन दुकान लगाने पर्याप्त जगह नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

भगवान हाटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुन्नी मेला की परंपरा विगत कई सालों से चली आ रही है। मेले में राजधानी के साथ-साथ अम्लेश्वर और पाटन क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। बदलते समय के साथ अब महादेवघाट में मेले की जगह भी सिमट गई है। खानपान, मनिहारी, खिलौनों, रेडीमेड गारमेंट्स, श्रृंगार सहित तरह-तरह की दुकानें अब केवल मंदिर की गलियों तक सीमित हो चुकी हैं। इन चंद गलियों में 15 और 16 नवंबर को 50 हजार से भी अधिक लोग मेला भ्रमण करने पहुंचेंगे। ऐसे में अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस के लिए कड़ी चुनौती होगी। बीते कुछ सालों में मंदिर परिसर के आसपास भवनों का निर्माण होने से भी अब लोगों को दुकान लगाने की जगह नहीं मिल रही है। मंदिर प्रबंधक का कहना है कि हर साल मेला स्थल सिमट रहा है। जितनी संख्या में लोग पहुंचते हैं, अब इतनी बड़ी जगह परिसर में नहीं है। हजारों लोग वाहनों के साथ आते हैं। मैदान भी पार्किंग में भर जाता है। सड़कों पर दुकान लगाने से हर साल जाम लग जाता है।

### मेले में हर 5 मीटर की दूरी पर दुकानें

इस बार भी मेला मंदिर परिसर के साथ दूसरी तरफ अम्लेश्वर की ओर भी सजेगा। मंदिर में दर्शन करने की वजह से भीड़ इस ओर अधिक होती है। हरिभूमि की टीम रविवार को महादेवघाट पहुंची। मंदिर परिसर में विभिन्न समाज के भवनों के पास झूला व दुकानें लग चुकी हैं। जगह कम होने से इस बार हर 5 मीटर की दूरी पर दुकान है। इसके अलावा हनुमान मंदिर, भाठागांव रोड और मंदिर के पीछे की ओर भी खानपान, रेडिमेड गारमेंट्स, श्रृंगार की दुकानें लगेंगी। मेले में आरंग, धरसींवा व पाटन से दुकान लगाने कारोबारी पहुंचे हैं। हेमंत ध्रुव का कहना है कि जगह नहीं होने से दुकान छोटी करनी पड़ी है। सड़क पर खड़े होकर भी मेले में सामान बेचना होगा।

## पुन्नी मेले के लिए महादेवघाट सजकर तैयार, 15 को श्रद्धालु लगाएंगे खारुन में डुबकी






### सड़क किनारे दर्जनभर से अधिक दुकानें

विगत कई वर्षों से दुकान लगा रहे दुकानदारों का कहना है कि पांच पहले भी हजारों की संख्या में लोग पुन्नी मेले में पहुंचते थे, लेकिन अब जगह कम हो चुकी है। इस वजह से भीड़ अधिक हो चुकी है। पहले भी परिसर की सड़कों किनारे दुकान लगाते थे, लेकिन अब चारों दिशाओं में दुकानें लगने लगी हैं। महादेवघाट तक पहुंचने वाली चारों सड़कों किनारे दर्जनों दुकान सजकर तैयार हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों के अलावा बचाव दल भी तैनात किया जाएगा।




### एक दिन पहले विशेष श्रृंगार

कार्तिक पूर्णिमा पर रात 3 से 4 बजे तक भगवान महादेव की विशेष पूजा के बाद मंदिर के पट खोले जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि एक दिन पहले 14 नवंबर को श्रृंगार किया जाएगा। सुबह विशेष अभिषेक पूजा, महाआरती के बाद मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। मेले में हजारों की संख्या में लोग न केवल खारुन नदी में डुबकी लगाकर भगवान हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे, बल्कि मेले का भरपूर लुत्फ भी उठाएंगे।

# अज्ञात युवती की लाश का मामला, हत्या कर कंबल के नीचे दबा दिया था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित कलर्स मॉल के पास निर्माणाधीन भवन में मिली अज्ञात युवती की लाश की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती की लाश कंबल से ढंकी मिली थी। युवती के शरीर पर कुर्ता तो सही सलामत हालत में था, लेकिन सलवार गायब होने की बात सामने आई है। मृत युवती की शिनाख्त के लिए सोमवार को महासमुंद, पिथौरा से कुछ लोग आएंगे। उसकी शिनाख्त के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद ही युवती की मौत की गुत्थी सुलझ पाएगी।

पुलिस के अनुसार, निर्माणाधीन बिल्डिंग में युवती की लाश मिली थी, उस लाश को कंबल से ढंक दिया गया था। लाश मिट्टी, रेत तथा बिल्डिंग मटेरियल के कचरे के नीचे दबी हुई थी। इस वजह से किसी को लाश होने के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। जहां युवती की लाश मिली, वहां एक कुत्ते ने कंबल खींचा, तब तेज बदबू फैलने लगी। इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने युवती की लाश को देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी।


निर्माणाधीन बिल्डिंग में संदिग्ध परिस्थिति में मिली युवती की लाश
हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ लाश से सलवार गायब होने की बात सामने आ रही

■ हत्यारे ने लाश को कंबल से ढककर कचरे में दबा दिया था

■ कुत्ते ने खींचा कंबल, तब बदबू फैलने से मिली जानकारी

### शरीर पर चोट के निशान

पुलिस के अनुसार, लाश 10 से 15 दिन पुरानी है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिलने की पुष्टि हुई है। शरीर पर चोट के निशान कैसे लगे, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही होगी। पुलिस ने युवती की हत्या कर लाश निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठिकाने लगाने की आशंका व्यक्त की है। युवती की लाश मिलने के बाद पुलिस आसपास के रहवासियों से तथा संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

## आलमारी से 50 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आलमारी में रखे 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बड़ा अशोक नगर निवासी शशि साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शशि ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। आलमारी खोलने पर महिला को अपने जेवर चोरी होने की जानकारी मिली।

# छत्तीसगढ़ शिक्षा संघर्ष मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छत्तीसगढ़ शिक्षा संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने एकत्रित होकर अपनी मांगों के निराकरण के लिए ब्लॉक स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने अपने हक की लड़ाई को मजबूत बनाते हुए अपनी मांगों को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, वित्त विभाग के सचिव और लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक तक पहुंचाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को समाप्त कर समस्त एलबी संवर्ग के लिए क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, समतुल्य वेतनमानः पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने और भारत सरकार के 2 सितंबर 2008 के आदेश के अनुसार 33 वर्षों के बजाय 20 वर्षों की सेवा पर पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान के विभागीय आदेश जारी करने, शिक्षकों और कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने और जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाते में करने की मांग की गई। ज्ञापन कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षकों ने हिस्सा लिया और अपनी एकता का प्रदर्शन किया। इसमें प्रमुख रूप से प्रांतीय पदाधिकारी शोभा सिंहदेव, ईश्वर चंद्राकर, सिराज बख्स, ब्लॉक संयोजक बाबूलाल ध्रुव, राजेश साहू, खोशिल गेंड्रे, ईश्वरी साहू, लव निर्मलकर, मोहनलाल साहू, राजेश चंद्राकर, आशीष साहू, चित्रा खटकर, केवल साहू, आत्मा राम साहू, खेमिन साहू, उमेंद्र ध्रुव, मानिक साहू, टीकम साहू, लोकेश्वर मोगरे, जितेंद्र कुमार साहू, राजेश भालेराव, यश चक्रधारी, पी श्रीधर राव, रामकुमार निषाद, बलराम नेताम, नवनीत गुरुदत्ता, तारकेश्वर साहू, खेम राज चौधरी, लक्ष्मीनाथ सकरिया, राजेश भालेराव, कैलाश साहू, कुंदन पंडरिया, सुधा गोस्वामी, भारती सोनी, सीमा चंद्राकर और किरण कन्नौजे, नवनीत गुरुदत्ता, पूरन बघेल शामिल रहे। छत्तीसगढ़ शिक्षा संघर्ष मोर्चा ने सरकार से इन मांगों पर तत्काल ध्यान देने के लिए आग्रह किया। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं, तो वे आगे और व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# व्यापारिक प्रतिष्ठान में शिकायत पर प्रशासनिक अमले ने दी दबिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

■ मिला अवैध तौर पर रखा गया 188 क्विंटल धान और 6 क्विंटल महुआ, जब्ती की

जिले के सरायपाली क्षेत्र के ग्राम ग्राम तिहरीपाली के एक व्यापारिक प्रतिष्ठान के खिलाफ प्राप्त शिकायत पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए प्रशासनिक अमले ने 470 पैकेट धान का अवैध भंडारण और तकरीबन 6 क्विंटल महुआ को तत्काल प्रभाव से जब्त करते हुए कार्रवाई की गई। एसडीएम नम्रता चौबै के निर्देशन में इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार सरायपाली हरिप्रसाद भोय, मंडी सचिव खिरभान सिंह ध्रुव, मंडी निरीक्षक सुशील कुमार साहू, अनुभाग अधिकारी जयंत सिंह चौव्हाण और मंडी कर्मचारी जैनेंद्र कुमार पटेल सम्मिलित रहे।

अमले को निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में 470 पॉकेट धान का अवैध भंडारण पाया गया, जिनका कुल वजन लगभग 188 क्विंटल था। इसके अतिरिक्त, 6.00 क्विंटल महुआ भी अवैध भंडारण के रूप में बरामद किया गया। मंडी अधिनियम के तहत यह भंडारण अवैध होने के कारण इसे तुरंत प्रभाव से जप्त किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली के निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जानी है। इस निरीक्षण अभियान का उद्देश्य किसानों के हक की सुरक्षा सुनिश्चित करना और मंडी अधिनियम का सख्ती से पालन कराना है, ताकि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी



**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर वृंदावन हायर सेकंडरी स्कूल और गुड शेफर्ड हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचकर छात्र-छात्राओं को कानून के विभिन्न विषयों पर सामान्य चर्चा कर विधिक जानकारी दी गई।

# जिले में 14 से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी, नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी 14 नवंबर 2024 से समर्थन मूल्य पर की जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने तथा पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए जिला एवं अनुविभाग स्तर के 75 अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों की निगरानी और नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिले की 6 तहसीलों में 182 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने धान खरीदी के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है कि उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बारदाने की उपलब्धता, परिवहन सुविधाएं और भुगतान के लिए आवश्यक राशि की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने अधिकारियों को खरीदी की तिथि से पूर्व आबंटित केंद्रों का निरीक्षण कर सभी तैयारियों की आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा है। कलेक्टर लंगेह ने नोडल अधिकारियों को खरीदी प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक बार अपने केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा, उपलब्ध धान स्टॉक का सत्यापन, और पुराने एवं नए बारदानों का भौतिक परीक्षण करने तथा निरीक्षण के बाद अधिकारी रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा है। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अपने-अपने क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों के समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उपार्जन केंद्र स्तरीय और जिला स्तरीय नोडल अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करें और धान खरीदी प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो। धान खरीदी के लिए स्थापित किए गए सभी 16 जांच चौकियों में जिनकी ड्यूटी लगाई गई है वे मौके पर मौजूद रहें।

# जीवन विद्या के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कोकड़ी सरकारी स्कूल और मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के प्रयास को सराहा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जीवन विद्या का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गुजरात के आत्मीय विश्वविद्यालय में हुआ। तीन दिवस चलने वाली इस सम्मेलन में कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक व मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक गेंदलाल कोकड़िया ने स्कूल और आश्रम के परस्पर संबंध का महत्व बताया। साथ ही जीवन विद्या और चेतना विकास मूल्य शिक्षा के प्रभाव और प्रेरणा से उनमें आए गुणात्मक बदलावों को पावर प्वांइटस से रेखांकित किए। कोकड़िया ने बताया कि वे सन 2009 से जीवन विद्या का अध्ययन-अध्यापन कर रहे हैं। जिसके तहत कोकड़ी सरकारी स्कूल और मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के माध्यम से सार्वभौम मानवीय मूल्यों की समझ वाले बच्चे तैयार हो रहे हैं, जो मानव और प्रकृति के साथ जीना जानते हैं। चेतना विकास मूल्य शिक्षा से मानव अपने मानवत्व को समझकर न्याय, धर्म, सत्य के साथ जीता है। धरती के स्वस्थता और उर्वरता के लिए काम करता है। यही आदमी की कमाई है। चेतना विकास मूल्य शिक्षा से शिक्षिति बच्चे एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य, एक मानव के भाव से ओत'-प्रोत हैं। मानवीय स्वभाव, मानवीय मूल्यों से सराबोर हैं।

राखी गेंदलाल कोकड़िया कोकड़ी सरकारी स्कूल में पढ़ाने के एवज में सरकार द्वारा मिले वेतन की राशि 40 लाख रुपए का सदुपयोग करते हुए मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही की स्थापना 5 सितंबर 2018 को किया। जिसके तहत हर 3 माह में आश्रम के माध्यम से निकटस्थ विद्यालय, कॉलेज, गांव, समाज के लोगों को जीवन विद्या के बारे में बताया जाता है, जो कि पूर्णतः आवासीय और निःशुल्क है। जिसके खर्च का वहन कोकड़ी सरकारी स्कूल से मिलने वाले वेतन की राशि से किया जाता है, जो कि अपने आप में एक मिशाल है।



**मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिये समर्पित स्कूल और आश्रम**
कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया का मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए प्रयास अनुकरणीय है। कोकड़िया 20 साल से अकेले शिक्षक होते हुए प्रसन्नतापूर्वक कोकड़ी स्कूल का संचालन कर रहे हैं, कभी हडताल में शामिल नहीं होते, बच्चों को बचपन से मानव, जीवन, शरीर, विश्वास, सम्मान, मूल्य, मित्रता, सहयोग, सहकारिता, संतुलन, प्रकृति आदि विभिन्न मानव उपयोगी पाठ बच्चों को पढ़ा रहे हैं, जिससे बच्चों में समझदारी के साथ ईमानदारी, जिम्मेदारी और भागीदारी के गुण विकसित हो रहे हैं। कोकड़िया मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए समर्पित हैं।

## आत्मीय विश्वविद्यालय ने मानवीय मूल्यों की शिक्षा के प्रयासों को सराहा

जीवन विद्या के प्रेरणा से एक शिक्षक अपने परिवारजनों समेत मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए समर्पित हो गया। साथ ही उसके प्रयासों को देखने-समझने छग, मप्र, दिल्ली, मुंबई की राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद, छग के शिक्षा सचिव नंदकुमार, अरविंदो आश्रम पांडिचेरी समेत अंतरराष्ट्रीय बालवैज्ञानिक अमेरिका व टिशु कल्चर वैज्ञानिक लंदन से, जीवन विद्या और चेतना विकास मूल्य शिक्षा के प्रणेता ए. नागराज अपने समस्त विद्वानों के साथ शैक्षिक भ्रमण में आए थे और कोकड़िया ने आज तक इन सारे उपलबध्यों और पेपर कटिंग का उपयोग कर राज्यपाल, राष्ट्रपति, शिक्षा व अन्य किसी भी उपलब्धि, सम्मान पत्र पाने के लिए दुरूपयोग नहीं किया। पूर्णतः निशुल्क शिक्षा, मानवीय मूल्यों की शिक्षा देने के लिए समर्पित हैं, ऐसे बच्चे ही वैश्विक नागरिक होंगे, और वसुधैव कुटुंबकम को साकार करेंगे। सभा में नेपाल के मेयर, प्रसिद्ध हीरा कारोबारी, जीवन विद्या से जुड़े अनेक आश्रम अछोटी, दिल्ली, तेंदूवाही, कर्नाटक, गुजरात, मप्र, मुंबई, पुणे आदि 21 राज्यों और विदेश से भी जीवनविद्या के धारक-वाहक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### गायत्री महायज्ञ के साथ हुआ दीपावली मिलन समारोह

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर में गायत्री महायज्ञ एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बहुतायत श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता का प्रचार-प्रसार और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ग्रहण की, जिससे उनके जीवन में आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजन में पुरुषोत्तम चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। जिनके निवास पर यह कार्यक्रम हुआ। संचालन प्रभात उपाध्याय ने किया। इस मौके पर दीपावली मिलन समारोह भी हुआ। समाज में प्रेम एवं सौहार्द का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर श्याम दुबे मौजूद रहे।



### मुक्तिधाम सेवा समिति सदस्यों ने किया युवक के शव का अंतिम संस्कार


**महासमुंद।** शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने सोमवार को एक 25 वर्षीय युवक के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के बारे में जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 नवंबर को शंकर नगर के पास रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव ट्रेन से कटी हुई अवस्था में पाया गया था। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड में मृतक का नाम अजित कुमार पिता रति कालिंदी और पता क्वाटर नम्बर 1209 सेक्टर 8/ए स्ट्रीट 4 पोस्ट ऑफिस सेक्टर 9 पीएस हरला बोकारो स्टील सिटी, बोकारो झारखंड लिखा हुआ है। कुछ कागजों पर लिखे नंबर पर पुलिस द्वारा संपर्क करने पर कोई संतुष्टिजनक जवाब नहीं मिलने और उनके नहीं आने की स्थिति में शव की खराब स्थिति को देखते हुए पुलिस कर्मियों के द्वारा इस मृत युवक के शव को अंतिम संस्कार के लिए समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपा गया। स्थानीय दलदली मार्ग स्थित मुक्तिधाम स्थल में समिति के सदस्य डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, राजू चंद्राकर, फगवा पटेल, एजाज नकवी, गोपाल वर्मा, मोहन बावनकर, मनोज पटेल, विजय ठाकुर, गुमान चंद जैन, संजय साहू आदि ने युवक के शव का अंतिम संस्कार कार्य संपन्न किया।

# निर्माणाधीन गौरव पथ में भारी अनियमितता नगरीय प्रशासन मंत्री से की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- लाभ पाने के लिए ठेकेदार निर्माण कर रहे मनमानी





प्रति,
श्रीमान जिलाधीश महोदय
जिला:- महासमुंद
छत्तीसगढ़.

विषय:-सरायपाली नगरपालिका सीमा में बन रहे गौरव पथ की जाँच बाबत.

महोदय,

विषय अंतर्गत लेख है कि सरायपाली गौरव पथ निर्माण सरायपाली नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत हो रहा है जिसमें भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही है नगरी निकाय के संचालक द्वारा उप अभियंता को निलंबित किया गया है और निलंबन पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ठेकेदार द्वारा डिवाइडर की ऊंचाई जो 90 सेंटीमीटर होनी थी उसे मात्र 60 सेंटीमीटर बनाया गया है. ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए नालियों को अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे झिलमिला का

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत निर्माणधीन गौरव पथ में भारी अनियमिताएं देखने को मिल रही है। नगर पालिका के पार्षद गुंजन अग्रवाल ने शिकायत की प्रति दिखाते हुए बताया कि नगरीय निकाय के संचालक द्वारा उपअभियंता को निलंबित किया गया है और निलंबन पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ठेकेदार द्वारा डिवाइडर की ऊंचाई जो 90 सेंटीमीटर होनी थी, उसे मात्र 60 सेंटीमीटर बनाया गया है। ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए नालियों को अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे झिलमिला का तालाब दूषित हो रहा है। एस्टीमेट के अनुसार नाली 1-1 मीटर होनी चाहिए, जिसे ठेकेदार द्वारा लाभ पाने के लिए जगह जगह बिना अप्रूवल के अपने मनमानी करते हुए 2-1 मीटर का बना दिया गया है, जिस जगह नाली की ऊंचाई ज्यादा की गई है, वहां सड़क को ज्यादा काटना पड़ेगा और ठेकेदार को उसका खर्च ज्यादा वहन करना पड़ेगा। उस वजह से ठेकेदार द्वारा नाली की ऊंचाई को बढ़ा दिया गया है। नाली की ऊंचाई जो कि लगभग 3 फीट की होनी थी उसे अपना लाभ कमाने के लिए लगभग 7 फीट कर दिया गया है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखा जा सकता है। बिना किसी अप्रूवल और गुणवत्ता के नाली की ऊंचाई को यूं बढ़ा देना कई दुर्घटनाओं को निमंत्रण देना है, इस वजह से ठेकेदार द्वारा आम जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जगह-जगह रोड एवं नाली के लिए सड़क को काट कर छोड़ दिया गया है, जिस वजह से रोज़ दुर्घटना हो रही है। धूल की वजह से अस्थमा एवं चर्म रोग जैसी भयंकर बीमारियों से ग्रसित हो रहे है और गिट्टी डाल कर छोड़ दिए जाने से मोटर साइकिल से चलने वाले लगातार दुर्घटना के शिकार हो रहे है। पूर्व में भी शासन द्वारा जांच की कार्रवाई की गयी थी। जिसमें कई अनियमितताएं पाई गई थी, उसके बाद भी ठेकेदार के द्वारा निम्न स्तर का काम किया जा रहा है, किसकी शह पर इनके हौंसले बुलंद है ये समझ से परे है। ठेकेदार द्वारा इस तरह का कृत्य किए जाने से आमजन में अत्याधिक रोष है। साथ ही और भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ शासन की छवि को धूमिल किया जा रहा है और शासन का भी करोड़ों रुपए का नुकसान किया जा रहा है, ऐसा प्रतीत होता है की साजिश के तहत छत्तीसगढ़ शासन को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

# शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्वाचन में संजय बने प्रांताध्यक्ष

## घुंचापाली चंडी मंदिर बागबाहरा में प्रांतीय परिषद के बैठक के साथ हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**टेकराम सेन, सतीश तिवारी, डा. अशोक गुप्ता उपप्रांताध्यक्ष निर्वाचित हुए**

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय निर्वाचन घुंचापाली चंडी मंदिर बागबाहरा में प्रांतीय परिषद के बैठक के साथ हुआ। उक्त निर्वाचन में बस्तर संभाग दंतेवाड़ा से संजय सिंह ठाकुर प्रांताध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जयंती दुबे को भारी मतों से पराजित किया। इसी प्रकार उप प्रांताध्यक्ष में टेकराम सेन महासमुंद (रायपुर संभाग), डा. अशोक गुप्ता (बिलासपुर संभाग), सतीश तिवारी सरगुजा संभाग निर्वाचित घोषित किए गए। महामंत्री पद के लिए रायगढ़, बिलासपुर संभाग ने संजय पांडे दुर्ग संभाग को पराजित कर विजयश्री हासिल किया। कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े सरगुजा संभाग, प्रांतीय मंत्री के लिए भुनेश्वर देवांगन बिलासपुर संभाग, शैलेंद्र सिंग भदोरिया बस्तर संभाग एवं टीकम साहू विजयी घोषित किए गए।





ज्ञातव्य हो कि छग शिक्षक संघ निर्वाचन में प्रांतीय परिषद के सदस्यों को ही मतदान करने का अधिकार होता है। राज्यभर से 255 परिषद के सदस्यों ने हिस्सा लिया। निर्वाचन से पूर्व संध्या पर प्रांतीय परिषद की बैठक हुई। जिसमें छग शिक्षक संघ के हित में महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया गया। संघ की ओर से निवर्तमान प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर ने परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित, शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित में संगठन का बड़ा योगदान रहा है एवं शिक्षकों की हित में पूर्व में भी अनेक निर्णय लिए गए हैं। विशेष कर पदोन्नतियां व नवीन शिक्षक भर्ती में हमारा बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षो से लंबित प्राचार्य पदोन्नति में छग शिक्षक संघ संघर्षरत है। अविलंब ही इस क्षेत्र में सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी, डा. बी रघु, टिकेश सिंह ठाकुर सहित संभाग व जिला पदाधिकारियों ने शि क्ष क प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

संघ के निर्वाचन में प्रमुख निर्वाचन अधिकारी के रूप में पूर्व प्रांताध्यक्ष सुधीर गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी डा. रविंद्र चौहान, वेणुकुमार दिल्लीवार, मंगराराम महतो, मनोज तिवारी, नोहर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए अनुशासित एवं शिक्षक संघ के अधिनियमों के तहत चुनाव संपन्न कराया। उन्हें निवर्तमान अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर एवं प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा सम्मानित किया गया। संपूर्ण निर्वाचन को सफल बनाने में प्रांतीय महामंत्री उमेश भारतीय गोस्वामी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष टेकराम सेन, संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले सहित जिलाभर के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। निर्वाचन पश्चात नवनिर्वाचित उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि छग शिक्षक संघ ने महासमुंद जिला को प्रांतीय निर्वाचन का सुअवसर प्रदान कर हमारा मान बढ़ाया है। उन्होंने राज्यभर के उपस्थित आचार्य वीरों व भगिनियों के प्रति आभार माना। प्रांतीय निर्वाचन की सफलता व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमुख संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा, निवर्तमान प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी, यशवंत वर्मा, हरि शर्मा, मनोज राय, नीलकंठ शारदुल, डा. बी रघु, अशोक शर्मा, युके दास, चंद्रहास पात्र, राजेश शर्मा, भागवत जगत, डी. बसंत साव, अनिल पटेल, अरूण प्रधान, मीना पाणिग्राही, खगेंद्र तारक, सुनील नायक, रामनारायण मिश्रा, ओंकार वर्मा, सोहन देवांगन, डोमन सिंह टंडन, किशोर कुमार रथ, पीरित पटेल, रोहिणी देवांगन, अविनाश लाल, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, लता वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

# श्याम बालाजी कॉलेज में आंवला नवमी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



श्याम बालाजी महाविद्यालय में बीए, बीएससी, पीजीडीसीए, डीसीए, योग तथा बीएड के विद्यार्थियों द्वारा आंवला नवमी पर्व के उपलक्ष्य में आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर उसे रक्षासूत्र से बांधकर यह संकल्प लिया गया कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा करने हर हाल में प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर ने विद्यार्थियों को आंवला नवमी की बधाई देते हुए कहा कि कार्तिक शुक्ल नवमी पर आंवले पेड़ की पूजा की जाती है और आंवला नवमी की कथा सुनी जाती है। पूजा में आंवले के पेड़ की परिक्रमा भी करते हैं।

पूजा-पाठ के साथ ही इस पर्व पर आंवले का दान भी करना चाहिए। ये पर्व प्रकृति का सम्मान करने का संदेश देता है। पेड़-पौधों से ही हमारा जीवन है और हमें इनकी पूजा करनी चाहिए यानी इनकी रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, टोपलाल कुर्रे, आशी चंद्राकर, रेणुका धीवर आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मनाया आंवला नवमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी शिवानंद योग भवन में दिव्य जीवन संघ महासमुंद द्वारा आंवला नवमी के पर्व मनाया गया। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में पेड़-पौधों,नदी, तालाब व प्रकृति को पूजने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। आंवला नवमी का त्योहार धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति को सहेजने का संदेश देता है। आंवला नवमी का पर्व कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है जो कि इस वर्ष 10 नवंबर को मनाया गया। यह पर्व समूह में मनाया जाता है, जो कि पारिवारिक व सामाजिक एकता का संदेश देता है। आंवला नवमी का पर्व शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया गया है। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर ने बताया कि इस



दिन व्रत करने वाली महिलाएं आंवला पेड़ के नीचे एकत्रित होकर भोजन बनाए, और आंवला पेड़ के नीचे साफ –सफाई कर चांवल आटे से चौक बनाकर गौरी- गणेश, कलश स्थापित कर फूल, गुलाल ,नैवेद्य ,चंदन बेलपत्र नारियल अर्पित कर पेड़ की पूजा किया है। ऐसा माना जाता है कि आंवला के पेड़ में शिव और विष्णु जी का वास होता है। पूजा कर 7 बार अथवा 108 बार पेड़ का परिक्रमा कर पीले धागे से लपेटा जाता है। श्रृंगार की सभी सामग्री, अन्न, फल व दैनिक उपयोग की चीज चढ़ाया जाता है कि इस दिन दान करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। माता लक्ष्मी- विष्णु और शिव की पूजा करने पश्चात महिलाएं ने मिलकर वहीं पेड़ के नीचे भोजन पकाया और उसे ग्रहण किया।

हिंदू पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि आंवला नवमी के दिन माता लक्ष्मी भ्रमण के लिए निकली थीं तब उन्हें शिवजी और विष्णु जी की पूजा करने का विचार मन में आया, तब उन्होंने आंवला पेड़ का चुनाव किया और वह दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष का नवमी था। माता लक्ष्मी ने पूजा करने के उपरांत आंवला पेड़ के नीचे बैठकर भोजन ग्रहण की, उसी दिन से आंवला नवमी का व्रत किया जाने लगा। वर्तमान समय में आंवला नवमी का व्रत ग्रामीण अंचल में किया जाता था, शहरी परिवेश में कम लोग ही करते थे। इस प्रकार यह व्रत पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संरक्षण का संदेश देती हैं। योग भवन के कार्यक्रम में विधायक राजू सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग भी शामिल हुए।

## बिरकोनी स्कूल में छात्राओं को बांटे गए प्रमाण पत्र व गिफ्ट

**महासमुंद।** बिरकोनी के चंडी मंदिर परिसर में विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर 6 नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित की गई। इसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी से स्काउट-गाइड प्रभारी टामेश्वरी साहू के साथ गाइड रूपा वैष्णव, भारती ध्रुवंशी, नंदिनी साहू, खिलेश्वरी साहू, लक्ष्मी पटेल, रानू पटेल, छाया सहीस, कुलेश्वरी चंद्राकर, कमलेश्वरी साहू, खुशबू मंडलोई, वर्षा यादव, कौशमी लहरी, भामिनी साहू शामिल हुए। शिविर में कंपास और गांठें, प्रकृति भ्रमण, प्राथमिक चिकित्सा, शिल्प, वुड क्राफ्ट, कैंप फायर के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय में स्काउट गाइड प्रभारी और छात्राओं को प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस दौरान व्याख्याता अनुपमा मानिकपुरी, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, भानेंद्र सिंह बिसेन सहित विद्यालय के व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, संत राम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्र सेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, महेंद्र ध्रुव, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, जान्हवी पटेल, दुलारी एवं विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्राएं शामिल रहे।


















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### देवउठनी एकादशी पर बनाई गई रंगोली

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में देवउठनी एकादशी पर्व पर रंगोली बनाई गई। जिसमें ज्ञान गंगा विद्यालय के शिक्षक लता चंद्राकर, हर्ष यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणी सारथी, दीपा कुर्रे, वर्षा सारथी ने कहा कि देवउठनी एकादशी पर्व पर माता तुलसी की खूबसूरत रंगोली बनाई गई। हिंदू पंचांग के अनुसार पर कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह करने का विधान है। इस दिन भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम के साथ माता तुलसी का विवाह करते हैं। इस साल तुलसी विवाह का पर्व 12 नवंबर को मनाया जाएगा।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 13 नवंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप हाउसिंग बोर्ड अटल विहार कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर, मचेवा महासमुंद में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।



### खरोरा में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में जिला पंचायत 15वें वित्त आयोग एवं जिला विकास निधि मद से सीसी रोड नाली निर्माण एवं रनिंग वाटर शेड कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, अध्यक्षता सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, उपसरपंच हेमलता कौशल चंद्राकर, पंच मनोज चंद्राकर, तेज चंद्राकर, गोपाल साहू, पंकज चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, याद राम निषाद, राजकुमार केंवट एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### देवउठनी के लिए सजा गन्ने का बाजार

**महासमुंद।** देवउठनी एकादशी (तुलसी विवाह) के एक दिन पहले महासमुंद शहर में गन्ने का बाजार सज गया है। सोमवार को शहर सहित आसपास गांव से पहुंचे लोगों ने गन्ने की खरीदी की। गन्ना प्रति जोड़ी 60, 70, 80 रुपए है। एकादशी तिथि दो दिन पड़ने से तुलसी विवाह और देवउठनी एकादशी को लेकर संशय की स्थिति है।

## आयोजन: सिरपुर में गायत्री परिवार का परिवार सम्मेलन, विविध स्पर्धा भी हुई

# सम्मेलन में व्यक्ति, परिवार व समाज निर्माण को बताया एक महत्वपूर्ण अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा परिवार को सशक्त बनाने एवं मानव में देवत्व का उदय एवं धरती में स्वर्ग का अवतरण लाने के उद्देश्य से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में गायत्री परिवार द्वारा पुरातत्व नगरी सिरपुर में परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री की पूजा अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दानेश्वर सिंहा विश्व हिंदू परिषद, अजय मंगल जनपद सदस्य, धनवार यादव पूर्व सरपंच, दुलरवा, एमएल साहू उपजोन समन्वयक, ललित मेश्राम, बीएन गुप्ता उपस्थिति थे। युग संगीत व प्रज्ञा गीत महिला मंडल के सदस्यों ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात एमएल साहू ने परिवार सम्मेलन का उद्देश्य एवं पंडित राम शर्मा आचार्य का संदेश देते हुए बताया कि परिवार, व्यक्ति व समाज निर्माण का एक महत्वपूर्ण अंग है। समाज में सभ्य व संस्कारवान नागरिक निर्माण करने के लिए परिवार आवश्यक है। आज अधिकांश परिवार की स्थिति अच्छी नहीं है, परिवार टूटता जा रहा है। अतः परिवार में संस्कार और साधना, स्वाध्याय, सेवा, त्याग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि 2026 अखंड दीप एवं माता के जन्म शताब्दी वर्ष है। इस अवसर पर पूरे देश में ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस रथ को प्रत्येक गांव में पहुंचाने व घर-घर तक गायत्री एवं यज्ञ को पहुंचाने का संदेश दिया। ललित मेश्राम ने गुरुदेव की जीवन से जुड़े कुछ प्रेरक घटनाओं का जिक्र करते हुए अपने अनुभव सुनाए। सिरपुर में निर्माणाधीन गायत्री चेतना केंद्र के संबंध में जानकारी देते हुए लोगों से सहयोग करने की अपील की। क्षेत्र में गायत्री और यज्ञ को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों ने अपना परिचय देते हुए मंदिर निर्माण में सहयोग राशि देने की घोषणा की। इसी क्रम में बीएन गुप्ता ने गायत्री मंदिर के लिए मूर्ति दान व बिसेन ने पंखा देने की घोषणा की। भोजन पश्चात द्वितीय सत्र में आकर्षक एवं मनोरंजन खेल कराया गया। जिसमें बच्चों के लिए भारत साहू ने एवं माताओं के लिए मनोरमा साहू, गरिमा साहू एवं साक्षी मेश्राम ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें रुई से बत्ती बनाना, गुब्बारा फुलाना, गुब्बारा लेकर चलना, बच्चों को झंडा झूल, जल थल एवं अन्य गतिविधियां आधारित खेल कराई गई।

बच्चों और माताओं ने बड़े उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। बत्ती बनाने के प्रतियोगिता में लक्ष्मी रंहगडाले प्रथम, दुलारी चंद्राकर द्वितीय रही। इसी तरह से जल थल में लिशा खड़िया सरेकेल प्रथम, वंशिका पाल एवं आभा पाल द्वितीय रहे। झूल झूल झंडा झूल प्रतियोगिता में गोपनीय साहू प्रथम, प्रांजल साहू एवं गीतांजलि ओझा द्वितीय रहे। अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं साहित्य का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थित सभी परिजनों को निःशुल्क साहित्य का वितरण किया गया। समापन के पूर्व गंधेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मण देवालय तथा ऐतिहासिक पर्यटन स्थल का भ्रमण कराया गया। साथ ही जगदीश साहू की धर्मपत्नी शकुंतला साहू के जन्मदिन पर चादर भेंट की गई।



### सम्मेलन में जुटे महासमुंद इकाई से 300 गायत्री परिवार

कार्यक्रम में महासमुंद ब्लॉक के विभिन्न इकाई से लगभग 300 परिजन उपस्थित रहे। जिसमें अछोला से बिसोहा साहू, लालजी साहू, सेरकेल से करण बरिहा, विजय भारती, परमानंद दीवान, मोरधा से सेवक एवं अन्य परिजन, महासमुंद से बोधराम साहू, ललित मेश्राम, हीरालाल साहू, धनवंतरी सिंहा, अमर साहू, राधेश्याम चंद्राकर, मुकेश वास्तव, कैलाश राठी, आशीष साहू, भारत साहू, पूर्णिमा साहू, दुलारी, पूर्णिमा, गरिमा साहू, शकुंतला, रेणुका, पिंकी, मालती, लक्ष्मी, उमा सम्मद्दार, सरोज श्रीवास्तव, श्वेता राठी, जगमोहन साहू, डोमार साहू, विश्राम साहू, रिखीराम साहू, कैलाश साहू, परस चौहान, लक्ष्मी नारायण, प्रताप महंती, डॉ संजीव कर्माकर, विपिन बिहारी मोहंती, धनीराम, कुमारेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से सत्य प्रकाश ओझा व दुलरवा सिरपुर का विशेष योगदान रहा।

## मानवता और सादगी की अमिट छाप छोड़ गए शीरु भैय्या : मणिलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राज्यसभा के पूर्व सांसद गोपाल व्यास (शीरु भैय्या) के निधन को देश प्रदेश की राजनीति और मानवसेवा के क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति बताते हुए मीसाबंदी किसान नेता मणिलाल चंद्राकर ने शीरु भैय्या को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साथ बिताए हुए पलों की स्मृतियों को साझा किया। 7 नवंबर को पंचतत्व में विलीन श्री व्यास के संदर्भ में मीसाबंदी श्री चंद्राकर ने उन्हें सादगी और निश्चल छवि का राजनेता बताते हुए कहा कि व्यास विलक्षण विद्वान और सामाजिक सेवा की सोच के अग्रदूत थे। रूस से शिक्षा प्राप्त कर लौटे व्यास बीएसपी भिलाई में मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे, जिनके नीचे 70 अन्य इंजीनियर काम करते थे। संघ की विचारधारा से प्रेरित गोपाल व्यास ने इंजीनियर की नौकरी छोड़कर आरएसएस में सेवा करते हुए अपना जीवन समर्पित किया। सन 1975 लागू हुए इमरजेंसी के दौरान रायपुर



जेल में हुई व्यास से मुलाकात और सानिध्य को अपने जीवन का अनमोल पल और स्मृतियों की धरोहर बताते हुए मीसाबंदी मणिलाल ने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही रवैये के विरोध में जब देशभक्तों ने जनजागरण का शंखनाद कर जनजागरूकता की बागडोर संभाला तो सरकार के नुमाइंदों ने ऐसे सभी लोगों को बेरहमी से यातनाएं देते हुए लाठीचार्ज कर जेल में बंद किया था।

## धान खरीदी नहीं होने से बिगड़ेगी बाजार व्यवस्था : राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के नेता राकेश झाबक ने कहा कि किसान की धान खरीदी में देरी होगी तो बाजार की हालत बिगड़ेगी ही। और सभी राइस मिल भी बंद पड़ी है, जो कि किसान इंतजार कर रहे हैं कि सरकार धान खरीदी कब करेगी। धान खरीदी कर्मचारी संघ के मांगों को तत्काल निवारण करें। धान खरीदी केंद्र के कर्मचारी संघ की शिकायत कांग्रेस के शासनकाल से ही था, उस समय विष्णुदेव साय ने भी एक पत्र लिखकर भूपेश बघेल को उनकी मांगों को जल्द से जल्द निपटाने की मांग की है और आज स्वयं विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री रहते हुए भी मामले को निपटारा नहीं कर पा रहे है। धान खरीदी अगर चालू नहीं हो पाया तो आम आदमी पार्टी धान खरीदी संघ का समर्थन करते हुए आंदोलन करेगी और उनकी मांगों में जल्द से जल्द निर्णय कर धान खरीदी प्रारंभ करने की अनुशंसा करेगी।

## शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव : गोस्वामी

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर खरोरा मिडिल स्कूल में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए बहुत आवश्यक है। व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के उत्थान में शिक्षा की अहम् भूमिका है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का एक बड़ा उद्देश्य शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना और सभी को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करना है। भारत सरकार द्वारा 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का उद्देश्य भारत के सभी स्कूल, कॉलेज, संस्थानों को मजबूत कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है उक्त बातें राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर खरोरा मिडिल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कहीं। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक डोमार राम साहू ने शिक्षा के महत्व पर एक छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया। शिक्षिका रामेश्वरी ध्रुव ने शिक्षा को जीवन का आधार बताया। बाल संसद के प्रधान मंत्री रीना टंडन ने गरीबों और लड़कियों को शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने वयस्क साक्षरता को बढ़ावा दिया। दिलेश्वरी कापरे ने कविता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संचालन शिक्षक दुबे कुमार पटेल ने किया। कार्यक्रम में मोना चंद्राकर, बाल संसद, जयहिंद व इंडियन कालेज के छात्राध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।



### दो-पहिया वाहन मरम्मत में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए कल तक करा सकते हैं पंजीयन

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए दो-पहिया वाहन मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 13 नवंबर 2024 तक रिक्त सीटों पर पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के लिए बीपीएल राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पंजीयन एवं प्रशिक्षण की जानकारी के लिए कमलेश पटेल एवं प्रतीक साहेब गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं।

## सावित्रीपुर स्कूल में शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

देश के महान स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर 11 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्रों ने मौलाना कलाम के जीवन से जुड़ी बातों के बारे में जाना एवं छात्रों ने शिक्षित भारत साक्षर भारत का संकल्प भी लिया। संस्था के प्राचार्य पी सिदार ने कहा कि आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण और देश के विकास में अच्छी शिक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। मौलाना आजाद यह अच्छी तरह से जानते थे। ऐसे में उन्होंने देश में आधुनिक शिक्षा पद्धति लाने के लिए कई बड़े कदम उठाए, आज राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के दिन शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों को याद किया जाता है। व्याख्याता सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की स्थापना की थी, उनका मुख्य लक्ष्य प्राइमरी शिक्षा को बढ़ाना था। 1992 में उन्हें भारत रत्न से नवाजा गया था। भारत की आजादी के बाद मौलाना आजाद ने यूजीसी की स्थापना की थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री सलाहकार




बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान बालिका शिक्षा, 14 साल के सभी बच्चों के लिए मुक्त और अनिवार्य शिक्षा पर जोर दिया।

मिडिल स्कूल हेड मास्टर एसएल पटेल ने बताया कि मौलाना आजाद सच्चे स्वतंत्रता सेनानी, कवि, लेखक, पत्रकार थी। उन्होंने धार्मिक एकता के साथ-साथ देश की एकता और अखंडता के लिए सदैव कार्य किया। प्राइमरी हेड मास्टर महेंद्र टांडी ने मौलाना आजाद के मार्ग पर चलने की अपील की तथा शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति अपने विचार साझा किया। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने कहा कि इस दिन का मकसद शिक्षा के महत्व और राष्ट्र की शिक्षा के प्रति वचनबद्धता को लेकर जागरूकता पेश करना है। उन्होंने बताया कि मौलाना आजाद के कार्यकाल में ही जामिया मिलिया इस्लामिया और आईआईटी खड़गपुर जैसे संस्थानों की स्थापना हुई। ईडी हेड बीडी साहू ने बताया कि मौलाना आजाद ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया। उनका मानना था कि स्कूल ऐसी प्रयोगशालाएं होती है, जहां देश के भविष्य के नागरिक को तैयार किया जाता है। उन्होंने यूनिवर्सल प्राइमरी एजुकेशन, वोकेशनल ट्रेनिंग और तकनीकी शिक्षा की पुरजोर वकालत की। उनका मानना था कि शिक्षा सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए और एक स्वतंत्र राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। व्याख्याता सविता जलक्षत्री ने बताया कि मौलाना आजाद का योगदान स्वतंत्रता आंदोलन से कहीं आगे तक गया। शिक्षित, धर्मनिरपेक्ष और एकीकृत भारत के लिए उनका दृष्टिकोण कई मायने में देश की प्रगति को आकार दे रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू ने छात्रों और शिक्षकों को साक्षर भारत बनाने की शपथ दिलाई।

## संजय कानन में महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा



**महासमुंद।** स्थानीय संजय कानन गार्डन में महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर आंवला नवमी पर्व मनाते हुए स्नेह भोज का आयोजन किया। इस मौके पर नपाध्यक्ष राशि महिलांग, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पार्षद मीना वर्मा, लता चंद्राकर, खेम चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, अर्चना चंद्राकर, सीता डोडेकर, किरण चंद्राकर, कुमकुम शुक्ला, भावना चंद्राकर सहित उपस्थित महिलाओं ने भगवान विष्णु के स्वरूप का प्रतीक आंवला वृक्ष की पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। पूजा अर्चना पश्चात भोजन प्रसाद वितरण किया गया।

## आवासीय कार्यशाला व पारिवारिक सम्मेलन 24 दिसंबर से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक 10 नवंबर को हुई। बैठक में 24 एवं 25 दिसंबर को दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला एवं पारिवारिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रथम दिवस का कार्यक्रम समाज के बच्चों के लिए होगा। जिसमें उन्हें विभिन्न वक्ताओं द्वारा गोस्वामी समाज से संबंधित विभिन्न रीति-रिवाज, मठ, मढ़ी, अखाड़े, आराध्य देव, देव पूजन पद्धति आदि की जानकारी दी जाएगी। द्वितीय दिवस पारिवारिक सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम से पहले जिला इकाई के पदाधिकारी जिले में घर-घर संपर्क अभियान कर पुरस्कार तथा सम्मान प्रदान किए जाने योग्य विद्यार्थियों तथा व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित करेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र गिरि, चुनेश्वर पुरी, संगठन सचिव शंकर पुरी, सचिव ओमप्रकाश पुरी, कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि, विजय पुरी, संजय गिरि, धीरेंद्र गिरि, राजेंद्र गिरि, सुरेंद्र गिरि, यशवंत गिरि के अलावा जिले के वरिष्ठ सदस्य तथा प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## उच्च शिक्षा विभाग के लिपिकों की आमसभा 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्मित होने के बाद से आज तक लिपिकों के पदोन्नति नियमों में संशोधन की प्रक्रिया नहीं किया गया हैं। नियमानुसार रजिस्ट्रार के पदों में पदोन्नति नहीं दिया जा रहा है। जबकि, 1000 से अधिक संख्या वाले समस्त महाविद्यालयों में रजिस्ट्रार के पद स्वीकृत करने का प्रावधान है। किंतु, प्रदेश में केवल चुनिंदा महाविद्यालयों में ही रजिस्ट्रार का पद सृजित है, जिससे प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षा लिपिक सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 1 तक की सेवा से ही सेवानिवृत हो जा रहे हैं, उन्हें राजपत्रित अधिकारी के श्रेणी में आने का अवसर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। अनुकंपा से नियुक्त कर्मचारियों की टाइपिंग परीक्षा लंबित है, जिससे अधिकांश अनुकंपा से नियुक्त कर्मचारियों की परीक्षा अवधि समाप्ति संबंधी समस्या निर्मित है, जिसके फल स्वरुप विगत दिनों उच्च शिक्षा विभाग के समस्त लिपिकों द्वारा विभागीय संघ का पंजीयन कराया गया। प्रांत स्तर की आमसभा की बैठक 15 नवंबर को दोपहर 1 बजे शासकीय राधाबाई कन्या महाविद्यालय रायपुर भाटागांव बस स्टैंड के पास आहूत की जा रही है। जिसमें प्रदेश के समस्त लिपिक उक्त महाकुंभ में एकत्रित होकर विभागीय विसंगतियों के संबंध में शासन प्रशासन के समक्ष योजनाबद्ध तरीके से अपनी मांग एवं अन्य बिंदुओं में विचार मंथन कर रणनीति बनाएगी।

### शिविर में मानसिक स्वास्थ्य के 43 मरीज मिले

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुंदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मानसिक स्वास्थ्य फिक्स डे कैंप आयोजित किया गया। 43 मरीजों को निदान कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ. नारायण साहू बीएमओ, ढोलचंद नायक बीपीएम, मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लीनिक से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोसल वर्कर, टेकलाल नायक मानिटरिंग व स्टॉफ के साथ मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

## भिक्षा मांगने से ब्राह्मण का ब्राह्मणत्व नष्ट होता है: पं मिथिलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्थानीय शंकर नगर में वार्ड नंबर 1 कृपा डेयरी के पास चल रहे श्रीमद् भागवत कथा पुराण में व्यास पीठ से सुदामा चरित्र का बखान करते हुए पं. मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सुदामा गरीब जरूर थे, पर दरिद्र नहीं। वे तो प्रशांतात्मा और जितेंद्रिय हैं, जिन्होंने अपनी सभी इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली हो वह दरिद्र नहीं हो सकता। इसलिए उन्हें दरिद्र कहना गलत होगा।

हर हाल में प्रसन्न रहने वाले सुदामा पूर्व जन्म में एक विप्र थे, जिन्होंने भगवान सतनारायण कथा श्रवण किया, जिसके कारण द्वापर युग में भगवान कृष्ण को मित्र के रूप में प्राप्त किया। उन्होंने सुदामा चरित्र का विस्तार से बखान करते हुए कहा कि ब्राह्मण को कभी भी भिक्षा नहीं मांगना चाहिए। भिक्षा मांगने से ब्राह्मणत्व नष्ट हो जाता है। पूजा पाठ से जो मिल जाता उसी से सुदामा का परिवार जीवन यापन करता था। गरीबी की दुर्दशा देखकर उसकी पत्नी सुशीला ने भगवान कृष्ण से मिलने की प्रेरणा दी और आसपास से पांच मुट्ठी चावल (चिवड़ा) मांग कर एक सिले हुए फटे कपड़े में पोटली बनाकर दे दिया।



भ्रमण करते हुए जब सुदामा द्वारकाधीश की नगरी पहुंचे तो भगवान ने उन्हें बराबर का सम्मान देते हुए अपने सिंहासन पर बिठाया और द्वारकाधीश का पूरा परिवार चरण पखाकर चरणोंदक प्राप्त किया। गुरुकुल में बिताए क्षणों को याद करते हुए दोनों मित्र ठिठली कर रहे थे। अचानक भगवान द्वारकाधीश ने पूछा कि भाभी ने मेंरे लिए क्या भेजा है, इस पर सुदामा सकुचाते हुए पोटली कांख में दबा ली। लेकिन भगवान ने सुशीला के भेजे हुए पोटली प्राप्त कर समझ गए कि उनका मित्र की क्या दशा है और वे दो मुट्ठी चावल स्वयं ग्रहण कर सुदामा को दो लोकों का वैभव दे दिया। लेकिन इसकी जानकारी सुदामा को नहीं होने दी। जब सुदामा घर पहुंचे तो वहां का वैभव देखकर आश्चर्यचकित रह गए। इसके पूर्व कथा प्रसंग में व्यास पीठ से श्री तिवारी ने भगवान द्वारकाधीश की 16108 विवाह, जरासंध उद्धार, प्रद्युम्न की कथा, अनिरुद्ध और बाणासुर की पुत्री उषा विवाह प्रसंग के दौरान भगवान कृष्णा और शिव युद्ध का भी विस्तार से वर्णन किया।

